# वित्तीय वर्ष 2024–25 का बजट लोकमंगल की भावनाओं के साथ प्रभु श्रीराम को समर्पित– मुख्यमंत्री

## आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित 07 लाख 36 हजार 437 करोड़ रु0 से अधिक का यह बजट अब तक का प्रदेश का सबसे बड़ा बजट

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रभु श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं। प्रदेश का वित्तीय वर्ष 2024–25 का बजट लोकमंगल की भावनाओं के साथ प्रभु श्रीराम को समर्पित किया गया है। 'जेहि महुँ आदि मध्य अवसाना। प्रभु प्रतिपाद्य राम भगवाना'। बजट की शुरुआत, मध्य और अन्त में प्रभु श्रीराम हैं। लोकमंगल की अवधारणा पर आधारित यह बजट प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास का एक आर्थिक दस्तावेज है। वित्तीय वर्ष 2024–25 के बजट का आकार 07 लाख 36 हजार 437 करोड़ रुपये से अधिक का है। यह प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। वर्ष 2023–24 की तुलना में इस वर्ष बजट में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री जी आज यहां विधान सभा में वित्तीय वर्ष 2024–25 का बजट प्रस्तुत होने के उपरान्त विधान भवन स्थित तिलक हॉल में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बजट आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित है। बजट में बढ़ोत्तरी डबल इंजन सरकार की प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के विजन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करती है। यह बजट उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन तथा 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की प्रधानमंत्री जी की संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। विगत 07 वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उत्सव, उद्योग और उम्मीद, यही है, नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज अपना पांचवां बजट प्रस्तुत किया। प्रदेश सरकार का यह आठवां बजट है। प्रत्येक बजट प्रदेश के लोकमंगल के लिए किसी थीम के साथ प्रस्तुत किया गया है। प्रदेश सरकार का वर्ष 2017–18 का बजट अन्नदाता किसानों को तथा वर्ष 2018–19 का बजट प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा औद्योगिक विकास को समर्पित था। वर्ष 2019–20 का बजट मिशन शक्ति अभियान को आगे बढ़ाते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित किया गया था। वर्ष 2020–21 का बजट प्रदेश की युवा ऊर्जा को समर्पित था। वर्ष 2021–22 का बजट स्वावलम्बन से शक्तिकरण के अभियान को समर्पित था। वर्ष 2022–23 का बजट अन्त्योदय से आत्मनिर्भरता का बजट था। वर्ष 2023–24 का बजट त्वरित एवं सर्वसमावेशी विकास को समर्पित किया गया। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024–25 के बजट के लिए वित्त मंत्री, अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार तथा प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बजट में पहली बार कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए 02 लाख 03 हजार 782 करोड़ 38 लाख रुपये का प्राविधान किया गया है। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि अवसंरचना पर धनराशि व्यय करने से रोजगार का सृजन होता है तथा अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होती है। प्रदेश सरकार प्रारम्भ से ही समग्र विकास की अवधारणा पर कार्य करती रही है। परिणामस्वरूप प्रदेश सरकार राज्य के बजट का दायरा बढ़ाने में सफल हुई है। वर्ष 2016–17 में 12–12.50 लाख करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 2024–25 में प्रदेश की जी0डी0पी0 25 लाख करोड़ रुपये हो गई है। प्रदेश की जी0डी0पी0 में दोगुने से अधिक वृद्धि करने में सफलता प्राप्त हुई है। इस दौरान प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय भी दोगुना हुई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016–17 में प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश में छठे स्थान पर थी। आज प्रदेश देश की नम्बर दो की अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह सफलता इसलिए प्राप्त हुई, क्योंकि प्रदेश सरकार द्वारा कर चोरी व रेवेन्यू लीकेज रोकने के लिए अनेक उपाय तथा रिफॉर्म किए गए। परिणामस्वरूप आज उत्तर प्रदेश एक रिवेन्यू सरप्लस स्टेट बना है। बिना कोई अतिरिक्त कर लगाए तथा कॉमन मैन को लोक कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ते हुए विगत सात वर्षों में प्रदेश के राजस्व में कई गुना वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार को राजकोषीय घाटा नियंत्रित करने में भी सफलता प्राप्त हुई है। प्रदेश का राजकोषीय घाटा 3.46 प्रतिशत है, जो रिजर्व बैंक द्वारा एफ0आर0बी0एम0 एक्ट में निर्धारित 3.5 प्रतिशत की सीमा से कम है। जहां एक ओर प्रदेश सरकार का विजन सुरक्षा, विकास और सुशासन है, वहीं बजट में राजकोषीय अनुशासन भी निहित है। राज्य सरकार ने प्रदेश का विकास किया है, लोगों को सुरक्षा प्रदान की है तथा सुशासन के लक्ष्यों को भी प्राप्त किया है। साथ ही, बजट में राजकोषीय संतुलन तथा अनुशासन बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी से कार्य भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विगत 07 वर्षों में बेरोजगारी की दर को नियंत्रित करने में सफलता प्राप्त हुई है। वर्ष 2016–17 में बेरोजगारी दर 19.2 प्रतिशत से अधिक थी। आज यह घटकर लगभग 2.4 प्रतिशत हो गयी है। रोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। प्रदेश में औद्योगिक निवेश के नए वातावरण का सृजन तथा एम0एस0एम0ई0 इकाइयों को पुनर्जीवित किया गया है। प्रदेश को 'एक जनपद, एक उत्पाद' और विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं ने राष्ट्रीय फलक पर नई पहचान दिलाई है। प्रदेश का ऋण जमा अनुपात (सी0डी0 रेशियो) 44 प्रतिशत से बढ़कर 57 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि प्रदेश इस दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य तथा अन्नदाता किसानों की समृद्धि पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में 24,863 करोड़ 57 लाख रुपये लागत की नई योजनाएं सम्मिलित की गयी हैं। राज्य सरकार युवाओं के लिए 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' प्रारम्भ करने जा रही है। प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन करने के उद्देश्य यह नई पहल की जा रही है। योजना के अन्तर्गत नए उद्यमियों को अधिकतम 05 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। प्रदेश में 'रोजगार प्रोत्साहन कोष' के गठन की कार्यवाही के अन्तर्गत ट्रेनिंग, इण्टर्नशिप तथा अप्रेंटिसशिप को वित्त पोषण के साथ जोड़ा जाएगा। जनपद वाराणसी में राष्ट्रीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना, 02 मेगा राजकीय आई0टी0आई0 की स्थापना तथा 69 आई0टी0आई0 के उन्नयन का प्रस्ताव भी इस बजट के साथ जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्पोर्ट्स साइंस एण्ड इंजीनियरिंग सेंटर की स्थापना की कार्यवाही आगे बढ़ाई जा रही है। बजट में 'वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष' की स्थापना तथा 22 हजार से अधिक मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्रों के रूप में अपग्रेड किया जाना प्रस्तावित है। प्रदेश में बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन की कार्रवाई को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने का प्राविधान किया गया है। प्रदेश में 46 वर्षों के पश्चात कानपुर और झांसी के बीच ऐसा पहला नया औद्योगिक शहर प्रस्तावित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फॉर्च्यून 500 कम्पनियों के लिए एफ0डी0आई0 पॉलिसी के क्रियान्वयन हेतु धनराशि की व्यवस्था की गई है। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे और पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे को जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेस–वे के निर्माण की कार्रवाई को इस बजट में प्राथमिकता दी गई है। नवाचार और अनुसंधान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, स्टेट ऑफ आर्ट टेक्नोलॉजी के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए बजट में प्राविधान किया गया है। आई0आई0टी0, कानपुर में मेडिकल रिसर्च एण्ड टेक्नोलॉजी स्कूल तथा 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना की कार्रवाई को इस बजट में स्थान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र में अपार सम्भावनाएं हैं। अयोध्या, काशी, मथुरा–वृंदावन, नैमिषारण्य, विंध्यवासिनी धाम, देवीपाटन, नाथ कॉरिडोर (बरेली) में थीम आधारित अवस्थापना विकास की कार्रवाई को आगे बढ़ाने का प्राविधान बजट में किया गया है। प्रयागराज महाकुम्भ के सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के साथ–साथ कुम्भ संग्रहालय की स्थापना तथा विभिन्न विकास कार्यों हेतु बजट का प्राविधान किया गया है। श्रृंगवेरपुर में निषाद राज गुह्य सांस्कृतिक केंद्र तथा आजमगढ़ के हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय और चित्रकूट में महर्षि वाल्मीकि सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना के लिए भी धनराशि की व्यवस्था की गई है। जनपद अयोध्या में अन्तरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान की स्थापना के लिए भी बजट का प्राविधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कृषि प्राथमिक क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। प्रदेश की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है। अन्नदाता किसानों के लिए 'मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना' तथा 'राज्य कृषि विकास योजना' प्रस्तावित की गई है। प्रदेश के निजी नलकूपों से जुड़े किसानों को निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने तथा फसलों पर ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव न्यूनतम करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन तथा ऑटोमेटिक रेन गेज की स्थापना के लिए बजट में प्राविधान किया है। यह अन्नदाता किसानों तथा बागवानों के लिए अत्यन्त उपयोगी साबित होगा। नेचुरल एण्ड ऑर्गेनिक कल्चर लैब, टिश्यू लैब तथा एग्री टूरिज्म सेण्टर स्थापना की कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए बजट में प्राविधान किया गया है। बजट में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लिए भी पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष प्रदेश के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। 24 जनवरी, 1950 को उत्तर प्रदेश के रूप में नामकरण का नोटिफिकेशन हुआ था। यह वर्ष उसका अमृतकाल है। अमृत काल में प्रदेश के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में यह बजट महत्वपूर्ण है। यह राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रधानमंत्री के विजन को आगे बढ़ाने में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर के बाद राष्ट्रीय अकादमी के नए ट्रेनिंग सेंटर को डिजाइन किया लखनऊ की मुरलेज आर्किटेक्चर ने

लखनऊ(आरएनएस)। देश की जानी–मानी आर्किटेक्चर फर्म मुरलेज आर्किटेक्ट जिसका मुख्यालय लखनऊ में है, साथ ही नई दिल्ली, मुम्बई आदि कई मेट्रोपॉलिटन शहरों में ऑफिस खोला गया है। जिसके मुख्य आर्किटेक्ट सविता अग्रवाल, एवं पार्टनर आर्किटेक्ट सुमित अग्रवाल, आर्किटेक्ट नमीत अग्रवाल एवं आर्किटेक्ट इरा खुल्बे अग्रवाल हैं। यह 50वर्षों से देश की सेवा में समर्पित फर्म ने निकॉन सरकारी और सरकारी प्राइवेट बड़ी–बड़ी बिल्डिंगों का डिजाइन किया है अभी चंद दिनों पहले अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर के स्वरूप को लेते हुए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की परिकल्पना एवं डिजाइन इसी फर्म के द्वारा किया गया है जिसका उद्घाटन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमल के द्वारा किया गया था। यह मुरलेज आर्किटेक्ट फर्म देश में सबसे ज्यादा मेडिकल कॉलेजों, सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स, मेमोरियल बिल्डिंग और बड़े–बड़े रेजिडेंशियल बिल्डिंगों कॉम्प्लेक्सों का निर्माण करने वाली अग्रणी फर्म के रूप में जानी जाती है। जिसको कई राज्यों एवं केंद्र सरकारों से कई महत्वपूर्ण अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

यह अकादमी बहुत ही खूबसूरत तरीके से डिजाइन किया है, जो अपने आप में देश में एकलौती बिल्डिंग के रूप में है, जिसे गृह रेटिंग में पांचवां स्टार बिल्डिंग रेटिंग है।

इस अकादमी में अप्रत्यक्ष कर, कस्टम, नारकोटिक्स, इनकम टैक्स, ईडी और डायरेक्ट इनडायरेक्ट टैक्स के ऑफिसर्स की ट्रेनिंग के लिए संस्थान बनाया गया है। जिसका देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। करीब 50 प्रतिशत राजस्व इन्हीं क्षेत्रों के से देश की सरकार को प्राप्त होता है। यह साइट आंध्र प्रदेश और बेंगलुरु हैदराबाद राजमार्ग पर 500 एकड़ भूमि पर निर्मित किया गया है। इस साइट में पर्याप्त प्राकृतिक विशेषताएं हैं। और यह पलासमुद्रम टैंक के बगल में स्थित है। इस साइड से होकर पहले पलासमुद्रम तक जाने वाली विभिन्न सुन्दर धाराएं हैं। यह साइट अपने आप में बहुत ही खूबसूरत मनोरम जगह के रूप में जानी जाती है। इसमें विभिन्न पठारों और उच्चे पत्थरों के साथ एक खूबसूरत स्थल कृत परियोजना के लिए मास्टर प्लानिंग मुरलेज आर्किटेक्चर के द्वारा साइट पर पहले से मौजूद स्थलाकृति, प्राकृतिक एवं वनस्पति और पेड़ आज सहित विभिन्न प्राकृतिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है। प्रशासनिक भवन को साइड के पहले ऊंचे ऊंचे पठार पर बनाया गया है, जहां से इसे मुख्य राजमार्ग के साथ–साथ सड़क के किनारे बिल्डिंग तक पहुंचने वाले अनेक सुंदर बिंदु से भी स्पष्ट दिखाई देता है। यह इमारत अपने आप को तब तक प्रकट करती है जब तक सड़क से उसे बिंदु तक नहीं पहुंच जाता है। इमारत को दो पूर्ण वर्गों के बीच इस तरह से डिजाइन किया गया है, कि प्रत्येक स्थान को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सूर्य की रोशनी और वेंटीलेशन प्राप्त होता रहे। इस इमारत को अनेक सार्वजनिक समारोहों और डिस्प्ले हाल जैसी जगहों को रखने के लिए किया गया है। बिल्डिंग के निचली मंजिलों पर और ऊपरी मंजिलों पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यालय बनाए गए हैं।

इस अकादमी परिसर के भीतर निचले रास्ते से आगे बढ़ते हुए हम अकादमिक परिषद में पहुंचते हैं, जिसमें एक गोलाकार मुख्य अकादमी भवन शामिल है, यहां से सभी व्याख्यान कक्ष, प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब बनाया गया है, जो दो त्रिकोण आकार के इमारत के साथ विशिष्ट रूप से एक ऐसे आकार में डिजाइन किया गया है, जिसमें सामान्य स्थान के साथ कई खूबसूरत छटा के रूप में दिखती है। त्रिकोण के तीन कोणों पर असेंबली हाल और कार्यालयों को इस तरह से डिजाइन किया गया है, इसमें कि सीधे प्राकृतिक प्रकाश और वेंटिलेशन प्राप्त होता है। इन इमारतों को इन प्राकृतिक प्रकाश से इसकी अलग ही खूबसूरती देखने को मिल रही है। मुख्य वृताकार भवन के रेडियल इस प्रकार संरचना किया गया है जो
देखने में बहुत ही दिव्य भव्य लगती है।

यह बिल्डिंग एक ओर रेडियल पलासमुद्रम टैंक की ओर जा रहा है, जिसमें सभागार भवन और हेलीपैड की योजना बनाई गई है, और मुख्य गोलाकार शैक्षणिक भवन पलासमुद्रम टैंक पर खुलता है, ताकि झील का विशालकाय स्वरूप और विभिन्न गलियारों और शैक्षणिक भवनों के अन्य स्थानों से उपलब्ध हो सके। यहां की भूमि तमाम शैक्षणिक भवनों से जलाशय की और नीचे की ओर जाती है, और एमपी थिएटर की भी इस दूरी से दूसरे छोर पर योजना बनाई गई है।

पलसमुद्राम टैंक के किनारे विजिटिंग फैकल्टी के लिए फैकल्टी आवास और गेस्ट हाउस की योजना बनाई गई है। यह सभी इमारतें आगे से जुड़ी हुई हैं।

अकादमी में छात्रावास भवन के साथ–साथ यहां के अधिकारियों कर्मचारियों एवं ट्रेनिंग लेने वाले अधिकारियों के लिए आवासीय भवनों और खेल भवनों को बनाया गया है तथा उसके जाने के रास्ते मास्टर प्लानिंग स्तर पर परिसर में और नीचे जाते हुए इस परियोजना की कल्पना ज्ञान के जीवन के रूप में स्थान देने वाली सभी विभिन्न योजना के भीतर विभिन्न
घटकों जैसे संस्थागत, सार्वजनिक, आवासीय स्थान को एक साथ लाने की योजना के रूप में की गई है।

# भारत ऐसा विकसित राष्ट्र बने, जहां हमारी पुरानी मान्यताओं का सम्मान हो, आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित, संवर्धित व सुंदर हो – एके शर्मा

### नगर विकास मंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में दिया अपना वक्तव्य

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मंगलवार को विधानसभा में माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राज्यपाल महोदय को योगी सरकार के क्रियाकलापों को विधानसभा में रखने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात की भी सराहना की राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की शुरुआत भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम मंदिर में रामलला विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा से किया। प्राणप्रतिष्ठा से लेकर अब तक में पूरा देश एवं प्रदेश राममय हो गया, लेकिन विपक्ष ने अभिभाषण के दौरान सदन में गो–बैक के नारे लगा रहे थे।

उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। राज्यपाल जी ने अभिभाषण के दौरान कहा कि अयोध्याधाम अपने त्रेतायुगीन वैभव के साथ नगरीय विकास और सम्पन्नता का एक मॉडल बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री के कारण ही प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, उन्होंने इसके लिए उनको धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह कार्य हुआ, उनको नमन किया। उन्होंने नगर विकास के कर्मियों, पीडब्ल्यूडी और अन्य विभागों के कर्मियों को अयोध्याधाम को दिव्य व भव्य बनाने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि विपक्ष को यह सब रास नहीं आया, मान्यता है जहां भगवान होते हैं, वहां सुख, सम्पदा, वैभव अपने आप आती है, श्रीराम रमापति व श्रीपति हैं। मड़ई–कुटई में रहने वाले विग्रह नहीं, राम का धाम भव्य होना ही चाहिए, लेकिन कुछ लोगों को राम के नाम और राम मंदिर से ही आपत्ति है, उन्हें बता दें कि राम से राम का नाम और उनके धाम को अलग नहीं किया जा सकता, फिर भी कुछ लोग अयोध्या जाने से डर रहे हैं। प्राणप्रतिष्ठा के लिए दिव्य व भव्य रूप से ऐतिहासिक कार्यक्रम हुआ। इसके लिए उन्होंने पूरे देश व प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि प्रधानमंत्री जी सनातन परम्परा के अनुसार दो सप्ताह का उपवास किया, जमीन पर सोए, अपने को प्राणप्रतिष्ठा के लिए योग्य और उपयुक्त बनाने के लिए तपस्या की। दुर्गा सप्तशती के अर्गला श्लोक में भी कहा गया है कि सुर–असुर राजा हुए, उन्होंने मां के चरणों में अपना मुकुट रखा, मां उनको रूप, यौवन, यश व प्रतिष्ठा प्रदान की। इसी प्रकार माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी भगवान राम के चरणों में लोटकर साष्टांग प्रणाम किया, अपने माथे को रगड़ा, जिसको पूरी दुनिया ने देखा। हम सभी को भी अयोध्या जाकर भगवान राम का दर्शन–पूजन जरूर करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार ही प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के तीर्थस्थलों, पूजास्थलों की साफ–सफाई और वहां का सुशोभन किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान राम में जिन्हें श्रद्धा नहीं थी, वे मथुरा में जाकर ही कुछ कर देते। हम लोगों ने आस्था में विश्वास किया, देश की आर्थिक प्रगति में विश्वास करते हैं, पुरातन संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं को अपनाते हुए, इसका संवर्धन करते हुए, देश का विकास कर रहे हैं। कहा कि हमारी सरकार विरासत के साथ विकास पर ध्यान दे रही, संस्कृति के साथ समृद्धि आए ऐसी व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा, देवालय के साथ डिजिटल इंडिया की अवधारणा पर भी बल दिया जा रहा, मंदिरों के साथ भारत को आधुनिक बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। पूरी दुनिया में मान्यता है कि रामराज्य सुशासन की पराकाष्ठा थी। देश रामराज के सुशासन की स्थापना की ओर बढ़ रहा, भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। कहा कि विरोधी कितना भी प्रयास करें, देश में रामराज की स्थापना होकर रहेगी। भारत विकसित राष्ट्र बनेगा, विरोधियों का विनाश होकर रहेगा। हमारे ऋषि–मुनियों मनीषियों के हजारों वर्षों की तपस्या के पुण्य का फल है, जो भारत का भाग्योदय हो रहा, हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से भारत आगे बढ़ रहा, जिसे कोई नहीं रोक सकता। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से अभी विकसित भारत संकल्प यात्रा चली, जिसमें संकल्प लिया गया कि भारत अपनी पुरातन संस्कृति के साथ विकसित राष्ट्र बनेगा। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि भारत को वर्ष 2047 तक दुनिया का सबसे विकसित राष्ट्र बनाना है, एक ऐसा दिव्य व भव्य राष्ट्र बनेगा, जिसमें सबकी खुशहाली होगी। प्रधानमंत्री जी की गारंटी की बदौलत ही, जिन्हें अभी तक कल्याणकारी नीतियों का लाभ नहीं मिला उन्हें दिलाया जा रहा। विकसित भारत में पीएम आवास के हर घर की नींव की ईंट लगी से है, मलिन बस्तियों गरीबों के घरों को जाने वाली सड़कों में लगी हर एक कंक्रीट से है, हर व्यक्ति के पास मकान हो, शौचालय हो, खाने के लिए राशन हो, चूल्हे में गैस हो तभी विकसित भारत बनेगा।

# भूमि लीज नीति के तहत निवेशकों को मिलेगी आकर्षक सुविधायें–जयवीर सिंह

## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भूमि लीज नीति को मंत्रिपरिषद ने अनुमोदित किया

लखनऊ। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन की भूमि लीज नीति को मंजूरी प्रदान की गयी। पर्यटन विभाग ने निवेशकों की सुगमता के लिए यह नीति तैयार की है, जिसमें भूमि की सूची बनाकर भूमि बैंक के रूप में चिन्हित किया जा सकेगा। इसके बाद रुचि अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाएगी। लीज 30–30 वर्ष अधिकतम 90 वर्ष रहेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार निवेशकों की मदद के लिए हरसंभव कोशिश कर रही है, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिले। इसका ताजा उदाहरण उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की भूमि लीज नीति है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की पर्यटन नीति–2022 का उद्देश्य पर्यटन में वृद्धि एवं राज्य में पर्यटन उद्योग को देश के सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में पर्यटन नीति के आकर्षण के कारण पर्यटन क्षेत्र में लगभग डेढ़ लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन 1,187 प्रस्तावो में से 643 प्रस्ताव के निवेशकों द्वारा भूमि लीज पर आवंटित किए जाने का अनुरोध किया गया है। जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग पट्टे के आधार पर भूमि आवंटन के लिए जनपद एवं पर्यटक उपयुक्त भू–खंड की पहचान कर सूची बनाएगा और इसे पर्यटन विभाग के भूमि बैंक के रूप में चिन्हित किया जाएगा। छोटे भूखंडों को "जहां है जिस स्थिति में है" के आधार पर आवंटित करेगा। बड़े भूखंड पर यूनिट पार्सल के रूप में आवंटन के लिए प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर विस्तृत लेआउट तैयार किया जाएगा। निवेशक आवंटित भूखंड पर पर्यटन सुविधाओं के विकास के डिजाइन, वित्तपोषण और विकसित करेंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि भूस्थल के आसपास आधारभूत संरचनाओं एवं अवस्थापना सुविधाओं संबंधी विकासात्मक कार्यों पर होने वाले खर्च संबंधित विभाग द्वारा यथासंभव उनके बजट प्राविधान से किया जाएगा। जिनके लिए विभागीय बजट का प्राविधान नहीं होगा, उसका आंकलन कर पर्यटन विभाग द्वारा बजटीय प्राविधान किया जाएगा। पर्यटन विभाग द्वारा तैयार किए गए प्रारूप के अनुसार निवेशक डीपीआर तैयार करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि दूसरे चरण में प्रस्तावों का तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा। संभावित निवेशकों द्वारा प्रस्ताव प्रमुख सचिव पर्यटन की अध्यक्षता में गठित तकनीकी समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। निवेशक भारत के बाहर स्थित संगठनों वाले निवेशकों के साथ संयुक्त उद्यम के रूप में निवेश के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। निवेशकों को भारत सरकार द्वारा वैध और योग्य माने जाने वाले विदेशी निवेशकों के साथ संयुक्त उद्यम के अंतर्गत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाने की अनुमति होगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि एकल निवेशक यदि किसी भूखंड के लिए मात्र एक तैयार प्रस्ताव प्राप्त होता है तो तकनीकी समिति द्वारा आरक्षित मूल्य के अनुसार भूखंड को लीज पट्टे पर देने का विचार करते हुए एकल निविदा के प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए मुख्य सचिव को अनुशंसित किया जाएगा। एकाधिक निवेशक यदि किसी भूखंड के लिए एक से अधिक निवेशक हैं तो नीलामी प्रक्रिया का पालन कर आरक्षित मूल्य के अनुसार पट्टे पर देने का विचार किया जाएगा। संबंधित भूखंड के लिए उच्चतम प्रीमियम प्रस्तावित करने वाले निवेशकों को भूमि आवंटन की कार्यवाही की जाएगी। भूमि प्रीमियम निवेशक को निर्धारित भूमि का सर्किल रेट (एक आवेदक के मामले में) और उच्चतम नीलामी मूल्य (एक से अधिक आवेदक के मामले में) के बराबर एकमुश्त प्रीमियम देय होगा।

# भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–2024 के सफल आयोजन हेतु 159.96 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि भारत–नेपाल के सीमावर्ती जनपदों में स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–2024 का आयोजन आगामी 09 फरवरी, 2024 से 28–29 फरवरी, 2024 तक किया जायेगा। इस आयोजन के लिए 159.96 लाख रूपये की धनराशि संस्कृति विभाग को उपलब्ध कराई गयी। यह जानकारी आज यहां देते हुए पर्यटन मंत्री ने बताया कि भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–2024, 09 फरवरी से सिद्धार्थनगर से प्रारम्भ होकर महराजगंज, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी एवं पीलीभीत में 29 फरवरी, 2024 को समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव तराई क्षेत्र के 08 जनपदों में आयोजित किया जायेगा। इन जनपदों के सभी जिलाधिकारियों को सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम की ओर से 05 फरवरी को जारी किया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि निर्धारित समय सारणी के अनुसार 09–11 फरवरी को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर 13–14 फरवरी जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज, महराजगंज, 16 फरवरी को बुद्ध पीजी महाविद्यालय जनपद कुशीनगर तथा 18–19 फरवरी, 2024 को राजकीय संग्रहालय इमिलिया कोडर–राजकीय एमएलके महाविद्यालय बलरामपुर में आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार 21 फरवरी को जिला मुख्यालय, भिनगाध्सत्यनारायण उच्च शिक्षण संस्थान तुलसीपुर जनपद श्रावस्ती, 23–24 फरवरी को लार्ड बुद्धा इण्टर कालेज, बहराइच, 26 फरवरी को राजकीय एकलव्य आश्रम पद्धति इण्टर कालेज, लखीमपुर खीरी तथा 28–29 फरवरी को एलबीएस महाविद्यालयध गॉधी स्टेडियम प्रेक्षागृह पीलीभीत में आयोजित किया जायेगा। ंदक जयवीर सिंह ने बताया कि इस महोत्सव के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारीध्उपजिलाधिकारी स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करने तथा आयोजन स्थल पर साज–सज्जा एवं स्थानीय व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 07 फरवरी 2024
sheelshukla100@gmail.com


## जापान से स्वदेश लौटे सी.एम.एस. छात्र दल का भव्य स्वागत

लखनऊ, 6 फरवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस का 6–सदस्यीय छात्र दल जापान में आयोजित 'सकूरा साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम' में प्रतिभाग कर स्वदेश लौट आया। स्वदेश वापसी पर सी.एम.एस. शिक्षकों व अभिभावकों ने अमौसी एअरपोर्ट पर इस छात्र दल का भव्य स्वागत किया एवं विदेश में देश का गौरव बढ़ाने हेतु बधाई दी। साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम में प्रतिभाग कर स्वदेश लौटे छात्रों में आर्यन सिंह, श्रेया, शुभ मेहरोत्रा, वैभव पाण्डेय एवं वैदेही मिश्रा शामिल हैं। छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय के शिक्षक श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह ने किया यह साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम जापान सरकार की आधिकारिक शैक्षिक संस्था 'जापान साइन्स एण्ड टेक्नोलाजी एजेन्सी (जे.एस.टी.) के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें विश्व के लगभग 30 देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। सी.एम.एस. छात्रों की जापान यात्रा का सम्पूर्ण खर्च साइन्स प्रोग्राम के आयोजकों द्वारा वहन किया गया। इस शैक्षिक यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्रों ने जापान के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों एवं रिसर्च इन्स्टीट्यूट का भ्रमण किया एवं एडवांस साइन्स एवं टेक्नोलाजी पर विशेषज्ञों का व्याख्यान एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने साथ ही प्रायोगिक परीक्षण भी प्राप्त किया।



जापान से वापसी पर एक अनौपचारिक वार्ता में इन छात्रों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जापान जाना हम सभी के लिए एक सपना सच होने के समान है। इस यात्रा में हमें विभिन्न देशों के छात्रों के विचार–विमर्श एवं अपने ज्ञान का आदान–प्रदान करने का अवसर मिला। छात्रों का कहना था कि इस विज्ञान प्रोग्राम में हमें अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिला साथ ही विश्व के ख्यातिप्राप्त गणितज्ञों एवं वैज्ञानिकों के विचारों से लाभान्वित होने का सुअवसर भी मिला।

## झांसी के बाल वैज्ञानिक योगेश केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक –1 को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह दे किया सम्मान

प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता

झांसी! मानव विकास संस्थान के तत्वावधान में डॉ एम एस निगम एवम इंजी. पी एन गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता , राष्ट्रीय कन्वीनर अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य में आज केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक – 1 में झांसी के बाल वैज्ञानिक योगेश कुशवाहा



के साथ उनकी शिक्षिका श्रीमती रंजना उपाध्याय व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री एन बी अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

मानव विकास संस्थान के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा वैज्ञानिक छात्र को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह व शिक्षकगण को शॉल श्रीफल व अंग वस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया गया।अपने उदबोधन में डॉ एम एस निगम ने झांसी के बाल वैज्ञानिक के आविष्कार इलेक्ट्रोनिक मैगनेटिक पल्स पर आधारित ड्रोन को प्रधानमंत्री द्वारा पसन्द करने पर शुभ कामनाएं प्रेषित की। कन्वीनर काका ने झांसी की माटी में अनन्य ऊर्जा के भण्डारण से अवगत कराते हुए झांसी से निकलने वाले अतुलित विधाओं से सम्पन्न पीढ़ियों का भी जिक्र किया। इस अवसर पर नीमा की पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रतिभा भार्गव , बी के डी की प्रो. ज्योति वर्मा , संजय भार्गव , महेन्द्र अग्रवाल , उमेश त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे। सम्मान समारोह का संचालन मृदु त्रिपाठी ने व सभी के प्रति आभार प्राचार्य एन बी अग्रवाल ने व्यक्त किया।

## नए आयाम की खोज विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रिपोर्ट– राशिद पठान झांसी! केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी द्वारा दिनांक 3–4 फरवरी 2024 को सी.सी.आर.ए.एस.



वैज्ञानिकों के लिए ष्आयुर्वेद में फार्मास्युटिकल अनुसंधान एवं विकास के लिए नए आयाम की खोजष विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ. संजू नंदा, अधिष्ठाता, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक (हरियाणा), डॉ. हिमांशु शेखर तिवारी, अध्यक्ष, तकनीकी – कर्मा आयुर्वेदा, नई दिल्ली, डॉ. टी. महेश्वर, सहायक निदेशक (आयुर्वेद), कार्यक्रम अधिकारी, सीसीआरएएस मुख्यालय, नई दिल्ली एवं संस्थान प्रभारी डॉ. सी. वी. नरसिम्हाजी की उपस्थिति में किया गया । स्वागत भाषण में संस्थान प्रभारी डॉ. सी. वी. नरसिम्हाजी द्वारा कार्यक्रम विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया, तत्पश्चात डॉ. टी. महेश्वर, सहायक निदेशक (आयुर्वेद), कार्यक्रम अधिकारी, सीसीआरएएस मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा कार्यक्रम का परिचय एवं आवश्यकताओं से अवगत कराया गया। सेमिनार में परिषद् मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े महानिशक महोदय प्रोफेसर डॉ. रविनारायण आचार्य के द्वारा अपने वक्तव्य में फार्मास्युटिकल अनुसंधान एवं विकास में आ रही बाधाओं के निवारण एवं नए औषधि विकास के आयामों के सन्दर्भ में संगोष्ठी में उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञों को अवगत करवाया गया, एवं इसके समाधान हेतु विशेष आग्रह किया गया । मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित डॉ. संजू नंदा अधिष्ठाता, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक (हरियाणा) ने नवीन औषधि वितरण प्रणालियों द्वारा आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन की प्रभावकारिता और स्थिरता में वृद्धि मुद्दे और चुनौतियाँ की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी । डॉ. चन्द्रशेखर जगताप अनु. अधि. (आयुर्वेद) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापन किया गया ।

## बाल भारती कॉलेज में सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर यातायात संगोष्ठी संपन्न!

### परिवहन विभाग, यातायात विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने विद्यालय के बच्चों को दी महत्वपूर्ण जानकारियां।

रिपोर्ट– राशिद पठान झांसी! 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत बाल भारती पब्लिक इंटर कॉलेज, कमल सिंह कॉलोनी, खाती बाबा में श्यातायात सुरक्षा संगोष्ठीश का आयोजन ए0आर0टी0ओ0 सुरेंद्र अग्रवाल के मुख्य अतिथि तथा विद्यालय प्रबंधक अरशद खान की अध्यक्षता में किया गया, विशिष्ट अतिथि के रूप थाना प्रभारी प्रेमनगर शिव प्रताप सिंह राठौर, महिला थाना प्रभारी किरण रावत, उप निरीक्षक यातायात प्रेमपाल राजपूत उपस्थित रहे कार्यक्रम में उपस्थित परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग के अधिकारी श्री प्रेमपाल राजपूत ने विद्यालय के बच्चों को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठने आदि सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी विद्यालय की छात्राओं ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए तेज गति से वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने, वाहन चलाते समय स्टंट करते हुए सेल्फी या रील आदि बनाने का चलन बढ़ने पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे बचने की अपील की

महिला थाना प्रभारी श्रीमती किरण रावत ने मिशन शक्ति के अंतर्गत विमन हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन सहित अन्य आपात सेवाओं के नंबरों की जानकारी दीविशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी प्रेम नगर श्री शिव प्रताप सिंह राठौर ने छात्रों को सदैव कानून का पालन करने की सलाह दीमुख्य अतिथि सहायक संभागीय



परिवहन अधिकारी श्री सुरेन्द्र अग्रवाल ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं अतिथियों को सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण कराई इस अवसर पर प्रोफेसर अतुल गोयल, डॉ0 नवीन चंद्र पटेल, सिविल डिफेंस के वार्डन दिलीप अग्रवाल, राशिद पठान, जुगल किशोर कुशवाहा, अंबिका श्रीवास्तव, कालका प्रसाद, नीलम शर्मा, पुत्तू सिंह कुशवाहा, इम्तियाज खान, माबूद अली, सुलतान मिर्जा, अशफाक सकलैनी, शैलेंद्र यादव, आनंद मिश्रा, मोहम्मद शाहिद, सीमा सक्सेना, क्रांति तोमर, नैंसी रायकवार, ममता शाक्या, रीवा परवीन, मन्तशा खान, तसलीम उल्लाह, अजरा, निकिता सक्सेना, सीमा रायकवार, शमा खान, मीनाक्षी कश्यप, मोरेश्वर, विवेक कपिल, अंजू सविता आदि उपस्थित रहे संचालन भूपेंद्र खत्री ने था कार्यक्रम संयोजक शिवकुमार तिवारी वरिष्ठ चीफ ट्रैफिक वार्डन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पेड़ की डाल के विवाद में भाई ने की भाई की हत्या

सुल्तानपुर । मंगलवार को रिश्तों कत्ल हुआ है। यहां भाई ने भाई की हत्या कर दी, और पिता को पीटकर लहूलुहान कर दिया। जिसका इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घटना जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के मेहदिया गांव की है। मंगलवार दोपहर जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत मेहदिया गांव निवासी राजनाथ यादव ने अपने बड़े भाई राम मिलन और पिता राम जग को लाठी–डंडों और सरिया से पीट–पीटकर लहूलुहान कर डाला। आनन–फानन में घायल पिता–पुत्र को राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए लाया गया। जहां इलाज के दौरान राम मिलन की मौत हो गई। जबकि पिता राम जग का इलाज जारी है। परिवार वालो ने बताया कि घर के पास अर्जुन का पेड़ लगा हुआ था जिसकी डाल घर पर लटक रही थी। इससे राम मिलन के परिवार को खतरा बना था। आज जब राम मिलन उसे काटने लगा तो उसके भाई राज नाथ ने विरोध किया। लेकिन वो डाल काटता रहा। तभी राज नाथ अपनी पत्नी व बेटे के साथ लाठी डंडा लेकर पहुंचा और राम मिलन को पीटने लगा। उस पर खून ऐसा सवार था कि बचाव में आए पिता राम जग पर भी उसने लाठियां बरसा दी। इस मामले में जयसिंहपुर कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा है। आरोपियों की पुलिस तलाश में जुट गई है।

## डाक्टर के खिलाफ रेप का केस दर्ज

### शादी का झांसा देकर छात्रा से करता रहा 2 साल तक रेप

सुल्तानपुर (आरएनएस)। चौबीस घंटे पहले गोमती नदी में कूदने वाली छात्रा के मामले में नया मोड़ आ गया है। पीड़ित छात्रा ने एक चिकित्सक पर रेप का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए चिकित्सक को हिरासत में ले लिया है। दरअस्ल सोमवार को कोतवाली नगर के गोलाघाट स्थित पुल से छात्रा ने गोमती नदी में छलांग लगा दिया था। आसपास के लोगों की वहां भीड़ जमा हो गई थी। लोगों ने घटना की सूचना फौरन कोतवाली नगर पुलिस को दिया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से छात्रा को नदी से बाहर निकलवाया और इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां उसका मेडिकल चेकअप हुआ। इस मामले में पुलिस ने जांच किया तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। छात्रा कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। उसने पुलिस को बताया कि शादी का झांसा देकर कोतवाली कादीपुर के तवक्कलपुर नगरा निवासी डॉक्टर आजाद खान उसके साथ दो वर्षों से रेप करता रहा। उसने शादी से इनकार किया तो छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए डॉक्टर को हिरासत में लिया। नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

## लापता युवक छह वर्ष बाद अपनों से मिला

सुल्तानपुर (आरएनएस)। लगभग छह वर्ष बाद एक युवक अपने परिवार के बीच पहुंचा तो मानो ईद और दीपावली जैसी खुशी लौट आई हो। उसे दिल्ली के आश्रम से लाया गया है। मामला गोसाईगंज थानाक्षेत्र के तकिया सुरौली गांव का है। गांव निवासी मकसूद (27) लगभग छह वर्ष पूर्व घर से



दिल्ली मजदूरी करने गया था। बताया का रहा है कि गांव व घर के सात–आठ लोग दिल्ली में पहले से ही रहते थे। वहां वो नेहरू नगर आनंद पर्वत में एक फैक्ट्री में मजदूरी करने लगा। एकाएक मई 2018 में फैक्ट्री से निकला और वापस नहीं लौटा। फैक्ट्री संचालक ने घर पर फोनकर पता किया तो जानकारी हुई कि मकसूद घर पर नहीं आया है। इसके बाद थाना आनंद पर्वत दिल्ली में 4 मई 2018 को उसकी गुमशुदगी का केस दर्ज हुआ। पुलिस ने जांच किया लेकिन कुछ नहीं पता चला। उधर मंदबुद्धि मकसूद दिल्ली के एक आश्रम में अन्य मंदबुद्धि लोगों के साथ रहने लगा। तभी उसने वहां संचालक के पूछने पर उसने अपना पता सुरौली सुल्तानपुर बताया। जिस पर संचालक ने काफी जांच पड़ताल के जरिए गूगल के जरिए गांव का एड्रेस ट्रेस हुआ। उसके बाद आश्रम संचालक को सुरौली गांव के एक युवक का नंबर मिला जिससे पड़ताल में कंफर्म होने के बाद घर वालों को सूचना दी गई। अंत में मकसूद के पिता शम्सुद्दीन आदि दिल्ली के प्रेम धाम नजीबाबाद पहुंचे। वहां से उसे लेकर आज घर पहुंचे हैं। यहां मां रफीकुन निशा, भाई शहबाज, मोहम्मद कुद्दूस, बहन सायरा बानो, ताहिरा बानो आदि की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा।

## मुस्कान पुनर्वास केंद्र के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बांधा समा

अयोध्या(आरएनएस)। [redacted]

## खादी एक वस्त्र नहीं विचार है बी आई ई टी झाँसी में विशेषज्ञ कार्यशाला में बोले

झांसी! बुंदेलखंड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में खादी उद्योग झाँसी द्वारा खादी उद्योग परियोजनाओं की जानकारी हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का प्रारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष , संस्थान के निदेशक प्रो. दीपेन्द्र सिंह एवं खादी उद्योग के प्रबंधक श्री आर के गुप्ता ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्रो. दीपेन्द्र सिंह ने कहा कि अभियांत्रिकी के छात्र अपनी तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर खादी उद्योग मे उद्यमिता कर सकते है। उन्होंने कहा एक उद्यमी कई रोजगार दे सकता है , इससे देश का आत्मनिर्भर होने का सपना भी साकार होगा। संस्थान स्तर से यथासम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।



उन्होंने कहा किसी भी उद्योग को सफल बनाने में प्रोडक्ट डिजाइन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग पर काम करना अतिआवश्यक है । कार्यशाला की संयोजिका इनक्यूबेशन सेंटर की निदेशक प्रो शहनाज अयूब ने कहा अगर परिवार में हर प्रकार के फैब्रिक का शौक है तो उनमे एक खादी भी होना चाहिए। उन्होंने कहा खादी एक वस्त्र नहीं विचार है, खादी की प्रेरणा को युवाओ में बनाए रखने के लिए सप्ताह में एक दिवस खादी दिवस के नाम से खादी वस्त्र पहनकर मनाया जाना चाहिए। खादी उद्योग से आए आर के गुप्ता जी ने प्रधान मंत्री सृजन योजना , मुख्यमंत्री ग्रामोदय योजना एवं अन्य योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी दी । कार्यशाला के सफल आयोजन में अंकित शुक्ला , उज्जवल, वाशू का योगदान रहा।अंत में प्रो शहनाज अयूब ने सभीका आभार व्यक्त किया।

## ढाई महीने बाद मिली रजिस्ट्री, इलाके की विशेषताएं भी दर्ज

सुल्तानपुर (आरएनएस)। व्यवसायी शैलेंद्र सिंह ने चांद पर तीन एकड़ जमीन खरीद ली है। इसकी रजिस्ट्री उन्हें मेल पर प्राप्त हो गई है। जल्द ही हार्ड कापी भी मिल जाएगी। रजिस्ट्री में इलाके की विशेषताओं का भी वर्णन किया गया है। चमकते चांद को दूर से ही देखने वाले अब चांद पर जमीन खरीदने का सपना भी साकार कर रहे हैं। बल्दीराय क्षेत्र के एक व्यवसायी ने भी चांद पर तीन एकड़ जमीन खरीद ली है। कुछ अलग करने की तमन्ना में यह काम करने वाले शैलेश सिंह कहते हैं कि इस बात से उनके परिवार के लोग भी बेहद खुश हैं।बल्दीराय तहसील के पूरे हेमसिंह (रामनगर द्वितीय) गांव निवासी व्यवसायी शैलेश सिंह यह कारनामा करके चर्चा में आ गए हैं। उन्होंने बताया कि उनका सपना था कि जब से उन्होंने चांद पर जमीन बिकने की बात सुनी थी, तभी से खरीदने का सपना था। पता चला कि लूना सोसायटी के जरिये इंटरनेशनल लूनर लैंड्स सोसायटी से कई भारतीयों ने चांद पर जमीन खरीदी है।निजी कंपनी में कार्यरत शैलेश सिंह कहते हैं कि उन्होंने भी जमीन खरीदने के लिए आवेदन किया तो उन्हें चांद के वाष्प सागर में तीन एकड़ जमीन मिल गई। वे बताते हैं कि 17 सितंबर को उनका सौदा हुआ था, ढाई महीने बाद उन्हें मेल पर रजिस्ट्री के दस्तावेज मिल गए हैं। जल्द ही इसकी हार्ड कॉपी भी उनके मूल निवास पर आ जाएगी।पहले लोगों ने मजाक समझा।37 वर्षीय शैलेश फिलहाल श्रीराममंदिर अयोध्या में एलएनटी कंपनी के लिए मैन पावर सप्लाई का काम कर रहे है। आंध्रप्रदेश, गुजरात व कर्नाटक में भी उनका काम चल रहा है। वे कहते हैं कि उनके दोस्तों को पहले ये बात मजाक लगी। खुद उनकी मां ने आश्चर्यचकित होकर फोन किया था। उनका पूरा परिवार इस उपलब्धि से खुश है। शैलेश को ईमेल से मिले रजिस्ट्री कागजात में चांद के उस टुकड़े की तस्वीर भी है जिसे बेचने का दावा किया गया है। लूनर ऑर्बिटर डेटाबेस की इस डिजिटल तस्वीर में क्षेत्र की सभी विशेषताएं भी दर्ज हैं। पंजीकृत दावे में संपत्ति का स्थान, अक्षांश और देशांतर, पथ संख्या, लॉट संख्या और इसमें दर्ज मात्रा संख्या, साथ ही पंजीकरण की तारीख भी शामिल है। संपत्ति का रिकॉर्ड इंटरनेशनल लूनर लैंड्स सोसायटी द्वारा अपने वार्षिक प्रकाशन में स्थायी रूप से दर्ज किया जाता है जिसे कॉपीराइट किया जाता है।क्या है लूना इंटरनेशनल सोसायटी। लूना इंटरनेशनल सोसायटी खुद को चांद पर जमीन बेचने के लिए लाइसेंस प्राप्त एजेंसी होने का दावा करती है। इसकी वेबसाइट पर इसका कार्यालय स्विटजरलैंड और न्यूयार्क में बताया गया है। भूमि दावे की खरीद से प्राप्त आय को विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर खर्च किया जाता है जिसमें चंद्रमा पर पहला गैर–सरकारी मानव मिशन शामिल होने का भी दावा है। हालांकि 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक चांद की जमीन पर किसी एक देश का एकाधिकार नहीं है और इस पर करीब 110 देशों के हस्ताक्षर हैं लेकिन सालों से लूना सोसायटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री के जरिए चांद पर ऐसी जमीनें बेच रही है जिसकी कानूनी मान्यता स्थापित नहीं है।

## भाजपा लोकतंत्र की हत्या व संविधान को कुचल रही है–राजेश तिवारी

सुल्तानपुर (आरएनएस)। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जिला संवाद (एक दिवसीय कार्यशाला) का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जिला संवाद कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार में रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी बतौर मुख्यअतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश महासचिव एवं जोन प्रभारी योगेन्द्र मिश्रा, प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश तिवारी का माला पहनकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 बेहद नजदीक है हमें और आपको जमीन पर उतर कर संगठन को मजबूत करना है हमारा बूथ और न्याय पंचायत अगर मजबूत रहेगा तो निश्चित रूप से हमें कामयाबी मिलेगी। समय बेहद कम है जहां भी हमारा संगठन कमजोर है वहां हम सबको पूरी ईमानदारी और निष्ठा लगन के साथ उसे बूथ और न्याय पंचायत को समय रहते ही अत्यधिक मजबूत और कठोर बनना है। वहीं उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हुए हमले को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या व बाबा साहेब के संविधान को कुचल रही है। अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा देश में भारतीय जनता पार्टी के लोग पाखंड फैला रहे, भारतीय जनता पार्टी नफरत की राजनीति करती है, और उसे नफरत को मोहब्बत में बदलने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली है जिसका मकसद देश के आम जनमानस को न्याय मिले देश से बेरोजगारी खत्म हो महंगाई कम हो जिसके लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के मणिपुर से मुंबई तक लगभग 6200 किलोमीटर से अधिक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आरंभ की है।

## राहुल गांधी की यात्रा पर हमले व मंदिर जाने से रोक जाने से भड़के कांग्रेसी

सुलतानपुर (आरएनएस)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर असम के लखीमपुर में हमला कर दिया गया, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं में उबाल उत्पन्न हो गया और कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता सड़क पर उतरकर योगी, मोदी मुर्दाबाद, तानाशाही नहीं चलेगी, लोकतंत्र की हत्या करना बंद करो, राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिंदाबाद, आदि नारों से पूरा जनपद गूंज उठा। लालडिग्गी चौराहा डाकखाना चौराहा, कलेक्ट्रेट, तिकोनिया पार्क आजाद पार्क, बस स्टेशन, कोतवाली, जिला चिकित्सालय, वापस डाकखाना चौराहा होते हुए जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे जहां विरोध प्रदर्शन का समापन किया गया। वरिष्ठ नेता लक्ष्मी कांत मिश्र,कृष्ण कुमार मिश्र मुन्नू, ओपी चौधरी,राहुल त्रिपाठी, रणजीत सलूजा, नफीस फारुकी राजेश तिवारी, काली सहाय सिंह, ओम प्रकाश त्रिपाठी, अरशद पवार, पूनम कोरी,मीनू यादव, हौसिला भीम, अमोल बाजपेई योगेश सिंह राजेश तिवारी अनवर अंसारी प्रदीप सिंह परसरामपाल पांडे योगेश पांडे सुनील चौहान पवन मिश्रा नन्हे मोहित तिवारी अरशद पवार इमरान बलराम तिवारी सियाराम तिवारी शिवपूजन सिंह अवधेश गौतम विश्वनाथ मिश्र शाहबाज खान अर्श खान लकी राजेश पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# संपादकीय

## अपनी कहानी दोहरानी है!

ये बुनियादी सवाल दब–से गए हैं कि अगर तस्वीर इतनी खुशहाल है, तो साल 2019 में सरकार ने उपभोग व्यय संबंधी सर्वेक्षण रिपोर्ट को क्यों जारी करने से इनकार कर दिया था? सरकार की जनगणना कराने में क्यों रुचि नहीं है?नरेंद्र मोदी सरकार को इस बात का पूरा यकीन है कि वो जो कहानी सुनाएगी, उनके समर्थक मतदाता बस उतना ही सुनेंगे। उसका यह यकीन निराधार भी नहीं है। चूंकि मेनस्ट्रीम मीडिया के अधिकांश हिस्से ने अपने स्वतरू रुझान या बनाई गई परिस्थितियों के कारण खुद को सत्ताधारी दल के प्रचार तंत्र में तब्दील कर दिया है, इसलिए किसी वैकल्पिक कथानक का आम जन तक पहुंचना सचमुच बहुत कठिन हो गया है। ऐसे में लोग सरकारी दावों पर सहज यकीन करें, तो उसमें कोई हैरत की बात नहीं है। मसलन, इन दावों पर कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला गया है और भारत में चारों तरफ खुशहाली का आलम है। इस शोर के बीच ये बुनियादी सवाल दब–से गए हैं कि अगर ऐसा है, तो साल 2019 में सरकार ने उपभोग व्यय संबंधी सर्वेक्षण रिपोर्ट को क्यों जारी करने से इनकार कर दिया था? सरकार की जनगणना कराने में क्यों रुचि नहीं है? दशकीय जनगणना 2021 में ही तय थी। तब कोरोना महामारी के कारण उसे टाला गया, हालांकि उस दौर में भी चुनाव जैसे सघन जन–संपर्क के कार्य आयोजित हुए। तब के बाद आम जिंदगी सामान्य हो चुकी है, लेकिन जनगणना कहीं सरकार के एजेंडे में नहीं है। अगर जनगणना होती, तो उससे आधिकारिक आंकड़े प्राप्त होते और यह मालूम होता कि जमीनी स्तर पर आम जन की कैसी हालत है। मगर वर्तमान सरकार का नजरिया प्रतिकूल आंकड़ों को सामने ना आ देने का रहा है। तस्वीर बेहतर दिखाने के लिए पैमानों की परिभाषा बदल देना उसकी दूसरी बड़ी तरकीब रही है। मसलन, 2015 में वास्तविक आर्थिक वृद्धि दर को मापने का आधार बदल दिया गया। इससे वास्तविक वृद्धि दर बेहतर नजर आने लगी। इसके अलावा रोजगार की सूरत बेहतर दिखाने के लिए आवधिक श्रम शक्ति सर्वे में स्वरोजगार की एक नई श्रेणी जोड़ दी गई, जिससे पारिवारिक कारोबार में सहयोग करने वाले अवैतनिक कर्मियों को भी रोजगार–शुदा माना जाने लगा। लेकिन परिभाषाएं बदलने से असली हाल नहीं बदल गए हैं। मगर सरकार को उसकी चिंता भी नहीं है। उसकी जुगत सिर्फ यह है कि आर्थिक सुर्खियां खुशहाल तस्वीर पेश करती रहें।

## झारखंड से शुरू हुई नई परंपरा

मुख्यमंत्री बना और पद पर रहते मुख्यमंत्री के विधानसभा का उपचुनाव हारने का भी रिकॉर्ड बना। मुख्यमंत्री के घर पर बिना समन की छापेमारी का भी अभी रिकॉर्ड बना है और हेमंत सोरेन पहले मुख्यमंत्री बने हैं, जो ईडी के अधिकारियों के साथ इस्तीफा देने राजभवन गए। अब प्रदेश में एक नया प्रयोग हुआ है या यूं कहें कि नई परंपरा शुरू हुई है।

बाल ठाकरे के नेतृत्व वाले शिव सेना के शुरुआती दिनों को अपवाद मान लें तो झारखंड मुक्ति मोर्चा पहली प्रादेशिक पार्टी बनी है, जिसने परिवार से बाहर के किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया है। आज तक किसी प्रादेशिक पार्टी ने किसी भी स्थिति में परिवार से बाहर के किसी नेता को मुख्यमंत्री नहीं बनाया है। झारखंड में ईडी के दबाव में हेमंत सोरेन को इस्तीफा देना पड़ा तो उन्होंने मजबूरी में ही सही लेकिन पार्टी के सबसे पुराने नेताओं में से एक चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया। ऐसा नहीं है कि उनके परिवार में मुख्यमंत्री बनने योग्य लोग नहीं हैं। उनकी भाभी सीता सोरेन तीन बार से विधायक हैं और छोटे भाई बसंत सोरेन भी विधायक हैं। लेकिन हेमंत ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम बनाने का प्रयास किया, जो विधायक नहीं हैं। उनके लिए एक सीट भी खाली कराई गई थी लेकिन पार्टी और परिवार में विरोध को देखते हुए और राज्यपाल द्वारा शपथ दिलाने से मना करने की संभावना को भांप कर हेमंत ने चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री बनवाया है।

इससे पहले झारखंड जैसी स्थिति बिहार में पैदा हुई थी। चारा घोटाले से जुड़े मुकदमे में 1997 में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के जेल जाने की नौबत आई तो उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनवाया। वे पढ़ी लिखी नहीं थीं और विधायक भी नहीं थीं। लेकिन लालू की पार्टी को पूर्ण बहुमत था और वे एकछत्र नेता था। इसके अलावा जितनी भी प्रादेशिक और परिवारवादी पार्टियां हैं उनमें कभी भी किसी बाहरी नेता को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। बाल ठाकरे ने जरूर पहले मनोहर जोशी और नारायण राणे को सीएम बनवाया था और रिमोट कंट्रोल से उनको चलाने की बात भी कहते थे लेकिन बाद में उनके बेटे उद्धव ठाकरे ने खुद ही मुख्यमंत्री बनना सही समझा। बाकी पूरे देश में प्रादेशिक पार्टियों के नेता किसी पर भरोसा नहीं करते हैं। कर्नाटक में एचडी देवगौड़ा ने अपने बेटे एचडी कुमारस्वामी को मुख्यमंत्री बनाया तो तमिलनाडु में करुणानिधि के बेटे एमके स्टालिन सीएम बने। हरियाणा में देवीलाल के बाद ओमप्रकाश चौटाला बने तो उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह के बाद अखिलेश यादव, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर रेड्डी के बेटे जगन मोहन व एनटीआर के दामाद चंद्रबाबू नायडू और जम्मू कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला व मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी महबूबा मुफ्ती सीएम बनीं। कह सकते हैं कि इन सबके सामने हेमंत सोरेन जैसा संकट नहीं था। संकट काल में ही सही लेकिन झारखंड में एक परंपरा शुरू हुई है। अगर इसका विस्तार होगा तो वह लोकतंत्र के लिए बेहतर होगा।

## संविधान का मजाक

झारखंड में आखिरकार नई सरकार बनी। चम्पई सोरेन की शपथ हुई। लेकिन उससे पहले झारखंड में चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने, मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने और सरकार बनने से रोकने का जो ड्रामा 29 जनवरी से शुरू हुआ वह संविधान और कानून के राज दोनों का मजाक बनाने वाला था। यह मजाक एक फरवरी को 11 बजे रात तक चलता रहा। मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने और चम्पई सोरेन के नेता चुने जाने और राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश करने के करीब 28 घंटे बाद राज्यपाल ने चम्पई सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।सोचें, करीब 28 घंटे तक प्रदेश बिना किसी शासन के था! नक्सल प्रभावित राज्य झारखंड में मुख्यमंत्री नहीं था। उनका इस्तीफा हो चुका था। उसे स्वीकार करते हुए राज्यपाल ने उनको कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने को नहीं कहा था क्योंकि उनकोकेंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय को गिरफ्तार करना था। सो, हेमंत का इस्तीफा स्वीकार हुआ और ईडी ने उनको हिरासत में लिया। सीएम के इस्तीफे के साथ ही मंत्रिमंडल बर्खास्त हो गया। यानी 31 जनवरी को रात आठ बजे से झारखंड में कोई सरकार नहीं बची और राष्ट्रपति शासन भी नहीं लगा। बिना मुख्यमंत्री, बिना मंत्रिमंडल और बिना राष्ट्रपति शासन के किसी राज्य के 24 घंटे से ज्यादा समय तक रहने का यह संभवतरू पहला मामला था। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद की ओर से 43 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपने के बाद भी राज्यपाल ने सरकार बनाने का न्योता देने में 24 घंटे से ज्यादा का समय लिया। सवाल है कि राज्यपाल विधानसभा में बहुमत के नेता को सरकार बनाने के लिए न्योता देने से कैसे रूके रह सकते हैं? अगर दूसरी पार्टी की ओर से भी सरकार बनाने का दावा किया जाता और दो दल बहुमत होने का दावा करते तब राज्यपाल के मन में संशय होता है और फिर वे अपने विवेक से फैसला करते कि किस पार्टी को बुलाएं। अगर विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी की बजाय छोटी पार्टी बहुमत का दावा करती तब भी राज्यपाल उसको

# ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम समाज को गलती सुधारने की पहल करनी चाहिए

सत्ता लोभ और चुनाव में पराजय के भय से पीड़ित इन लोगों का राष्ट्रीय अस्मिता की अवमानना करने और उसे नकारने में लाज ही नहीं आती। लोभ, भय ओर मौन हो जाने का परिणाम भारत का राष्ट्रीय समाज 75 वर्ष पूर्व भुगत चुका है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वाराणसी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वेक्षण से उस दावे की पुष्टि हो गई है कि वह हिन्दू मंदिर पर ही बनाई गई थी। इस सर्वेक्षण को रोकने के लिए मुस्लिम पक्ष द्वारा न्यायालय में चरम सीमा तक जाकर तर्क दिए गए। वही बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि विधान पूजा अर्चना शुरू हो गई है। हिंदू पक्ष कुछ समय से ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक तलगृह में पूजा का अधिकार मांग रहा था। यह तलगृह मस्जिद परिसर में है। वर्ष 1992 तक व्यास जी तलगृह में पूजा नियमित तौर पर होती थी। 6 दिसंबर 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 से व्यासजी के तलगृह बंद कर दिया गया और बैरिकेडिंग कर दी गई। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। अयोध्या राम जन्मभूमि मामले को लेकर मुलायम सिंह यादव ने बैरिकेडिंग लगा दी कि यहां सांप्रदायिक माहौल ना बिगड़े और लड़ाई–झगड़े ना हों। पहले बांस–बल्ली लगाकर टेंपरेरी तौर पर बैरिकेडिंग की गई और बाद में पक्की तरह से बंद कर दिया गया। इसके बाद यहां पर वार्षिक तौर पर माता श्रृंगार गौरी की पूजा हो रही थी। ज्ञानवापी में किए गए सर्वेक्षण की जो रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत हुई, उसके आधार पर कोई भी कह सकता है कि वह मंदिर ही है। मुस्लिम पक्ष को इसका ज्ञान काफी पहले से था। इसीलिए उन वस्तुओं को छिपा दिया गया था और ढक दिया गया था जो हिन्दू धर्म के प्रतीक और चिन्ह हैं। सबसे बड़ी बात शिवलिंग का मिलना है। पौराणिक ग्रंथों से पता चलता है कि ज्ञानवापी कुएं का निर्माण स्वयं भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से किया था। पौराणिक काल से ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का इलाका अविमुक्त क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध रहा है। महाभारत में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र को अविमुक्त क्षेत्र के नाम से पुकारा गया है। वर्तमान में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद भी अविमुक्त क्षेत्र का ही भाग रहा है। इस क्षेत्र में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को मुक्त कराने के लिए सैकड़ों वर्षों से विश्व भर के हिंदू संघर्ष कर रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि स्वतंत्रता के बाद केंद्र सरकार मुगल काल में हिन्दू धर्मस्थलों को तोड़कर या उन्हीं ढांचों पर खड़ी की गई मस्जिदों को हिंदुओं को सौंपने की नीति बनाती। लेकिन कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां मुसलमानों की नाराजगी से बचने के लिए हिंदुओं के वैध दावों को ठुकराती रहीं। मथुरा और वाराणसी में हिंदुओं के सर्वोच्च आराध्यों के पवित्र मंदिर के बगल में बनी मस्जिद के हिन्दू मंदिर होने की बात पंडित नेहरू से लेकर तमाम नेताओं को ज्ञात थी। लेकिन उन्होंने इस दिशा में सोचने का कष्ट इसलिए नहीं उठाया क्योंकि वे हिंदुओं की सहनशक्ति को जानते थे। वरना क्या कारण था कि हिंदुओं की विवाह व्यवस्था संबंधी रीति–रिवाजों को तो उलट–पलट दिया गया किंतु मुस्लिम पर्सनल लॉ को छेड़ने की हिम्मत नहीं हुई। देश का बंटवारा धर्म के नाम पर हमारे नेताओं ने स्वीकार किया था। सर्व धर्म समभाव के भारतीय संस्कारों के कारण भले ही मुस्लिमों की बड़ी आबादी भारत में रह गई और पाकिस्तान के उलट भारत ने अपने को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाया किंतु ये भी उतना ही सही है कि तत्कालीन शासकों ने मुस्लिम तुष्टीकरण के फेर में बहुसंख्यकों की धार्मिक भावनाओं को धक्का पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यदि सरदार पटेल न होते तब बड़ी बात नहीं सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी न हो पाता। अयोध्या का विवाद तो स्वाधीनता के पहले से चला आ रहा था। वास्तव में, देश में एक ऐसी जमात है जो भय और लोभ से भरी हुई है। उसमें कायरता की कीचड़ है। वह ऐतिहासिक यर्थाथ और सांस्कृतिक सत्य का सामना करने से



कतराती है। समस्या का समाधान सौदेबाजी में तलाशती है और समस्या को टालते जाने को अपनी कुशलता और चतुराई मानती है। इस जमात के भगीरथ हैं राजनेता। ऐसा राजनेता जिनकी सोच और दृष्टि का क्षितिज केवल एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक का है। भावी पीढ़ियों, दशाब्दियों और शताब्दियों की बात सोचने का सामर्थ्य उनमें नहीं है। वे हम मर गए तो किसने दुनिया देखी की मानसिकता से पीड़ित हैं। सत्ता लोभ और चुनाव में पराजय के भय से पीड़ित इन लोगों का राष्ट्रीय अस्मिता की अवमानना करने और उसे नकारने में लाज ही नहीं आती। लोभ, भय ओर मौन हो जाने का परिणाम भारत का राष्ट्रीय समाज 75 वर्ष पूर्व भुगत चुका है। राजनीतिक नेतृत्व के लोग और भय एवं राष्ट्रीय समाज के मौन में से तुष्टिकरण और खुशामद कर जन्म हुआ था। यह इतिहास सिद्ध अनुभव है कि हिन्दुओं का मौन राष्ट्र के विभाजन को जन्म देता है। अल्पसंख्यकों की मुखरता और उनका तुष्टिकरण राष्ट्र के भूगोल को बिगाड़ता और इतिहास का मान भंग करता है। 1991 में केंद्र की नरसिम्हा राव सरकार ने जो कानून बनाया उसके अनुसार 15 अगस्त 1947 को किसी भी धर्मस्थल की जो स्थिति थी उसे परिवर्तित नहीं किया जाएगा। लेकिन अयोध्या विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अपना निर्णय इस आधार पर दिया कि बाबरी ढांचा हिंदुओं के मंदिर को मस्जिद का रूप देकर खड़ा किया गया था। ठीक वही बात ज्ञानवापी के बारे में भी सामने आ रही है। अयोध्या विवाद को सुलझाकर सर्वोच्च न्यायालय ने जो रास्ता खोल दिया वह उन सभी धर्मस्थलों को मुक्त करवाने में सहायक होगा जिनको मुस्लिम शासकों ने बलपूर्वक मस्जिद का रूप दे दिया। मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के बारे में भी ऐसा ही दावा है। ये सब देखते हुए मुस्लिम धर्मगुरुओं को अपने समुदाय के लोगों को समझाना चाहिए कि वे हठधर्मिता के बजाय समझदारी और व्यवहारिकता से काम लें। इसमें दो राय नहीं है कि मुगलों द्वारा पूरे देश में हिंदुओं के धर्मस्थलों को नष्ट करने का काम बड़े पैमाने पर हुआ। प्राचीन धर्म स्थलों के बारे में जो तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं वे चौंकाने वाले हैं। ज्ञानवापी में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार प्रदान करने के न्यायालय के निर्णय के बाद मुस्लिम पक्ष ने इस पर नाराजगी जताई है। मुस्लिम पक्ष ने कहा है कि फैसले के बाद हाईकोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील की जाएगी। मुस्लिम पक्ष ने इस फैसले को नकार दिया है। इससे पहले मुस्लिम पक्ष ने एएसआई के सर्वे को भी नकार दिया था। ज्ञानवापी परिसर में स्थित माता श्रृंगार गौरी भी पूजा का अधिकार मांगा जा रहा है।

# इंडिया एलायन्स में सब गडबड!

विनीत नारायण

श्इंडियाश् एलायंस के घटक दलों ने इतना भी अनुशासन नहीं रखा कि वे दूसरे दलों पर नकारात्मक बयानबाजी न करें। जिसका गलत संदेश गया। हिसाब से इस एलायंस के बनते ही सीटों के बंटवारे का काम हो जाना चाहिए था जिससे उम्मीदवारों को अपने–अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने के लिए काफी समय मिल जाता। पर शायद इन दलों के नेता ईडी, सीबीआई और आयकर की धमकियों से डरकर पूरी हिम्मत से एकजुट नहीं हो रहे है, नहीं हो पा रहे है।

देश के मौजूदा राजनैतिक माहौल में लोगों के दो खेमे हैं। एक तरफ वे करोड़ों लोग हैं जो दिलो जान से नरेंद्र मोदी को चाहते हैं और ये मानकर बैठे हैं कि श्अब की बार चार सौ पार।श् इनके इस विश्वास का आधार है मोदी की आक्रामक कार्यशैली, श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा, उनका बेहिचक हिंदुत्व का समर्थन करना तथा काशी, उज्जैन, केदारनाथ, अयोध्या, मिर्जापुर और अब मथुरा आदि तीर्थ स्थलों पर भव्य कॉरिडोरों का निर्माण। इनके

अलावा अप्रवासी भारतीयों का भारतीय दूतावासों में मिल रहा स्वागतपूर्ण रवैया, निर्धन वर्ग के करोड़ों लोगों को उनके बैंक खातों में सीधा पैसा ट्रान्सफर और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का बॉंटना व भविष्य में आर्थिक विकास के बड़े–बड़े दावे।जबकि दूसरे खेमे के नेताओं और उनके करोड़ों चाहने वालों का मानना है कि देश के युवाओं में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि दो करोड़ रोजगार हर वर्ष देने का वायदा करके भाजपा की मोदी सरकार देश के नौजवानों को सेना, पुलिस, रेल, शिक्षा व अन्य सरकारी विभागों में नौकरी देने में नाकाम रही है। आज भारत में बेरोजगारी की दर पिछले 40 वर्षों में सबसे ज्यादा है। जबकि मोदी जी के वायदे के अनुसार इन दस वर्षों में 20 करोड़ लोगों को नौकरी मिल जाती तो किसी को भी मुफ्त राशन बॉंटने की नौबत ही नहीं आती। क्योंकि रोजगार पाने वाला हर एक युवा अपने परिवार के पांच सदस्यों के पालन पोषण की जिम्मेदारी उठा लेता। यानी देश के 100 करोड़ लोग गरीबी की सीमा रेखा से ऊपर उठ जाते। इसलिए इस खेमे के लोगों का मानना है कि इन



करोड़ों युवाओं का आक्रोश भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सरकार नहीं बनाने देगा।

विपक्ष के इस खेमे के अन्य आरोप हैं कि भाजपा सरकार महंगाई को काबू नही कर पाई। उसका शिक्षा और स्वास्थ्य बजट लगातार गिरता रहा है। जिसके चलते आज गरीब आदमी के लिए मुफ्त या सस्ता इलाज और सस्ती शिक्षा प्राप्त करना असंभव हो गया है।

इसी खेमे का यह भी दावा है कि मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में विदेशी कर्ज की मात्रा 2014 के बाद कई गुना बढ़ा दी है। इसलिए बजट में से भारी रकम केवल ब्याज देने में खर्च हो जाती है और विकास योजनाओं के लिए मुठ्ठी भर धन ही बचता है। इसका खामियाजा देश की जनता को रोज बढती महंगाई और भारी टैक्स देकर झेलना पड़ता है। इसलिए सेवा निवृत्त लोग, मध्यम वर्ग और व्यापारी बहुत परेशान है।इसके अलावा विपक्षी दलों के नेता मोदी सरकार पर केन्द्रीय जाँच एजेंसियों व चुनाव आयोग के लगातार दुरूपयोग का आरोप भी लगा रहे हैं। इसी विचारधारा के कुछ वकील और सामाजिक कार्यकर्ता ईवीएम के दुरूपयोग का आरोप लगाकर आन्दोलन चला रहे हैं। दूसरी तरफ इतने लम्बे चले किसान आन्दोलन की समाप्ति पर जो आश्वासन दिए गये थे वो आज तक पूरे नहीं हुए। इसलिए इस खेमे का मानना है कि देश का किसान अपनी फसल के वाजिब दाम न मिलने के कारण मोदी सरकार से खफघ है। इसलिए इनका विश्वास है कि किसान भाजपा को तीसरी बार केंद्र में सत्ता नहीं लेने देगा।

अगर विपक्ष के दल और उनके नेता पिछले साल भर में उपरोक्त सभी सवालों को दमदारी से जनता के बीच जाकर उठाते तो वास्तव में नरेंद्र मोदी के सामने 2024 का चुनाव जीतना भारी पड़ जाता। इसी उम्मीद में पिछले वर्ष सभी प्रमुख दलों ने मिलकर श्इंडियाश् एलायंस बनाया था। पर उसके बाद न तो इस एलायंस के सदस्य दलों ने एक साथ बैठकर देश के विकास के मॉडल पर कोई दृष्टि साफ की, न कोई साझा एजेंडा तैयार किया, जिसमें ये बताया जाता कि ये दल अगर सत्ता में आ गये तो बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से कैसे निपटेंगे। न अपना कोई एक नेता चुना। हालाँकि लोकतंत्र में इस तरह के संयुक्त मोर्चे को चुनाव से पहले अपना प्रधानमंत्री उम्मीदवार तय करने की बाध्यता नहीं होती। चुनाव परिणाम आने के बाद ही प्रायरू सबसे ज्यादा सांसद लाने वाले दल का नेता प्रधानमंत्री चुन लिया जाता है। पर भाजपा इस मुद्दे पर अपने मतदाताओं को यह समझाने में सफल रही है कि विपक्ष के पास मोदी जी जैसा कोई सशक्त नेता प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। ये भी बार–बार कहा जाता है कि श्इंडियाश् एलायंस के घटक दलों का हर नेता प्रधानमंत्री बनने के सपने देख रहा है।श्इंडियाश् एलायंस के घटक दलों ने इतना भी अनुशासन नहीं रखा कि वे दूसरे दलों पर नकारात्मक बयानबाजी न करें। जिसका गलत संदेश गया। इस एलायंस के बनते ही सीटों के बंटवारे का काम हो जाना चाहिए था। जिससे उम्मीदवारों को अपने–अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने के लिए काफी समय मिल जाता। पर शायद इन दलों के नेता ईडी, सीबीआई और आयकर की धमकियों से डरकर पूरी हिम्मत से एकजुट नहीं रह पाए। यहाँ तक कि क्षेत्रीय दल भी अपने कार्यकर्ताओं को हर मतदाता के घर–घर जाकर प्रचार करने का काम भी आज तक शुरू नहीं कर पाए। इसलिए ये एलायंस बनने से पहले ही बिखर गया।

दूसरी तरफ भाजपा व आर एस एस ने हमेशा की तरह चुनाव को एक युद्ध की तरह लडने की रणनीति 2019 का चुनाव जीतने के बाद से ही बना ली थी और आज वो विपक्षी दलों के मुकाबले बहुत मजबूत स्थिति में खड़े हैं। उसके कार्यकर्ता घर घर जा रहे हैं। जिनसे एलायंस के घटक दलों को पार पाना, लोहे के चने चबाना जैसा होगा। इसके साथ ही पिछले नौ वर्षों में भाजपा दुनिया की सबसे धनी पार्टी हो गई है। इसलिए उससे पैसे के मामले में मुकाबला करना आसान नहीं होगा। देश के मीडिया की हालत सभी जानते हैं। प्रिंट और टीवी मीडिया इकतरफा होकर रातदिन केवल भाजपा का प्रचार करता है। जबकि विपक्षी दलों को इस मीडिया में जगह ही नहीं मिलती। जाहिर है कि चौबीस घंटे एक तरफा प्रचार देखकर आम मतदाता पर तो प्रभाव पड़ता ही है। इसलिए मोदी, अमित शाह, नड्डा बार–बार आत्मविश्वास के साथ कहते हैं, ष्अबकी बार चार सौ पार।ष जबकि विपक्ष के नेता ये मानते हैं कि भाजपा को उनके दल नहीं बल्कि 1977 व 2004 के चुनावों की तरह आम मतदाता हराएगा। भविष्य में क्या होगा ये तो चुनावों के परिणाम आने पर ही पता चलेगा कि श्इंडियाश् एलायंस के घटक दलों ने बाजी क्यों हारी और अगर जीती तो किन कारणों से जीती?

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आप का स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगेग।

वृष राशि–आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस–पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

मिथुन राशि–आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखना चाहेंगे।

कर्क राशि–आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक–झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आएगी। आज पैसों के लेन–देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

सिंह राशि–आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के जातक कैमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनाएंगे। महिलाएं आज रसोईघर में व्यस्त रहेंगी।

कन्या राशि–आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जाएगा। आपका कोई पुराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जताएंगे।

तुला राशि–आज का दिन मिली–जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे।

वृश्चिक राशि–आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जाएंगे। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज कोई अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा, जो भविष्य में अच्छा धन लाभ कराएगा।

धनु राशि–आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी। वकीलों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया केस हाथ लगेगा। दांपत्य जीवन में खुशहाली आएगी, जीवनसाथी के साथ कोई अच्छी मूवी देखने का मन बनाएंगे।

मकर राशि–आज आपका दिन ठीक–ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे–समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। किसी विषय को समझने में आपको अपने सहपाठियों से सहयोग मिलेगा। आज पड़ोसी आपके कार्यों को पूरा करने में आपकी सहायता करेंगे।

कुंभ राशि–आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिए अपनी बेहतरीन राए देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी।

मीन राशि–आज आपका दिन बढिया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे।

# चौन स्नैचिंग करते हुए पकड़ी गई महिलाएं, मौके पर चौन बरामद

(आरएनएस) देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिला मुख्यालय के बालाजी मंदिर के पास एक ई रिक्शा से पांच महिलाओं समेत एक प्राइवेट बैंक की उप प्रबंधक ज्योति तिवारी, निवासी भीमपुर गौरा थाना कोतवाली देवरिया बैठकर लगभग 11.30 बजे गोरखपुर जा रही थी इसी बीच रिक्शा में बैठी पांचो महिलाओं में से एक महिला ने उप प्रबंधक के गले से सोने की चेन को खीच लिया और सभी महिलाएं चेन लेकर भागने लगीस तो हिम्मत दिखाते हुए बैंक उप प्रबंधक ने दौड़कर पकड़ लिया और महिला से पूछा कि मेरा चौन कहां है? तब महिलाओं ने कहा कि मेरे पास चौन नहीं है और आना–कानी करने लगी इसी बीच मौके पर जुटी स्थानीय लोगों की भीड़ में से किसी 112 नंबर पर कॉल कर दियास कॉल पर पहुंची पुलिस को लोगों ने महिलाओं को सौंप दियास जिसे पुलिस ने थाने लेकर चली गई।मिली जानकारी के अनुसार लोगों की पूछताछ में महिलाएं अपना पता जिले के असवनपार कछार रुद्रपुर बता रही थी। ध्यातव्य है कि शहर में कई वारदातें विगत कुछ दिनों से सामने आ रही हैं।



# बरियारपुर पुलिस द्वारा चोरी की ट्रैक्टर–ट्राली के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

(आरएनएस)

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे दिनांक 04.02.2024 को प्रवीण कुमार सिंह पुत्र पृथ्वीनाथ सिंह का ट्रैक्टर व ट्राली यू0पी0 52 एवाई 3015 कुबेर मद्धेशिया ग्राम धुसवा थाना बरियारपुर के घर के पास से चोरी कर लिया गया था, जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बरियारपुर पर मु0अ0सं0– 12ध्24 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना की जा रही है। जिसे आज दिनांक 05.02.2024 को मुखबिर की सूचना पर पड़री मल्ल रेलवे फाटक के पास से चोरी के ट्रैक्टर एवं ट्राली के साथ एक अभियुक्त सूर्यभान चौहान पुत्र राम बिलास







चौहान निवासी भसौड़ा धनटोला थाना कसार जनपद शेखपुरा (बिहार) को गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण सूर्यभान चौहान पुत्र राम बिलास चौहान निवासी भसौड़ा धनटोला थाना कसार जनपद शेखपुरा (बिहार)

# देवरिया महोत्सव में मौनागढ़वा के प्रधान डाक्टर जनार्दन कुशवाहा हुए सम्मानित

(आरएनएस)

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे भागलपुर ब्लाक क्षेत्र के मौनागढ़वा प्रधान डाक्टर जनार्दन कुशवाहा को गांव के विकास में उत्कृष्ठ और सराहनीय कार्य करने पर, देवरिया महोत्सव में जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया है।मौनागढ़वा गांव को शासन ने माडल गांव घोषित किया था। प्रधान डाक्टर जनार्दन कुशवाहा ने गांव को विकसित कर माडल बनाने में ग्रामीणों और कर्मचारियों के सहयोग से सुंदर, सुसज्जित पंचायत भवन, शुद्ध पेयजल के लिए पानी की टंकी, प्राथमिक विद्यालय का सुंदरीकरण, गांव में आरसीसी, नाली,आयुर्वेदिक



अस्पताल का जीर्णोद्धार आदि निर्माण कार्य कराकर एक मिशाल पेश किया है। ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर भागलपुर ब्लाक का नाम रोशन किया है।

जिलाधिकारी देवरिया द्वारा सम्मानित होने पर प्रधान डाक्टर जनार्दन कुशवाहा ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने उन्हें बधाई भी दिया है।

## पीडब्ल्यूडी की सड़क हुई खंडहर में तब्दील

(आरएनएस)

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे प्राप्त समाचार के मुताबिक भाटपार रानी तहसील क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत खैरांट से मोतीपुर होते हुए घाटी बजार तक को जाने वाली जो सड़क है वह सड़क खंडहर का रूप ले चुकी है जबकि यह सड़क पीडब्ल्यूडी की हो



चुकी है इस सड़क से हो हो कर जो आ गया है ।दुबारा जाने से कतराने लगता है। जो कि इस सड़क पर चलने वाले राहगीर भगवान को भी कभी कभार प्यारे हो जाते हैं। जो जान हथेली पर लेकर चलते है और इस सड़क के जिम्मेदारों को कोसते रहते हैं।अगर इसे पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार विकास किए रहते तो जेई जनता पर कृपा होती और जरूर ये सड़क बन गई होती ।उक्त के संबंध में जेई से फोन करने पर जेई का फोन नहीं लगा जरूरी है कि अति शीघ्र ही इस सड़क का निर्माण हो।जिससे उक्त सड़क के राहगीरों को राहत हो ।पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्चस्तरीय अधिकारी को या उस क्षेत्र के जेई को जनहित में विकास के संबंध में जानकारी लेना हो तो उनके हाथों में इतनी शक्ति नही है की फोन उठा सके। यदि लगे भी तो फोन नहीं उठाते हैं लोगों की शिकायत यही है मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी महाराज का गड्ढा मुक्त उतर प्रदेश का सपना तब पूरा होगा जब ऐसे विकास के प्रति उदासीन अधिकारी दण्डित होंगे ।

## शिविर में 30 मरीजों का मोतियाबिंद आपरेशन

जौनपुर(आरएनएस)। रोटरी क्लब द्वारा मोतियाबिंद जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । अध्यक्ष सुजीत अग्रहरि ने बताया कि संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से निःशुल्क मोतियाबिंद चिकित्सा शिविर का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है और इस वर्ष इसी कड़ी में शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम संयोजक अमित पांडेय ने बताया कि रोटरी क्लब का उद्देश्य स्वयं से बढ़कर दूसरों की सेवा है और संस्था में आने के पश्च्यात से विगत 8 वर्षों से प्रत्येक वर्ष इस शिविर का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है जिसमे मोतियाबिंद से पीड़ित व्यक्ति को चिन्हित कर उनका समुचित इलाज जिसमे लेंस दवा चश्मा इत्यादि निःशुल्क रूप से प्रदान किया जाता है। शिविर का उद्घाटन डॉक्टर अजय पांडेय द्वारा किया गया व शिविर में मोतियाबिंद के अतिरिक्त अन्य प्रकार के नेत्र रोगों से पीड़ित मरीजों को निशुल्क चिकिसकीय परामर्श भी दिया गया । इस अवसर पर मरीजो को आश्वासन दिया गया जिनका की शुगर या अन्य कारण से तत्काल ऑपरेशन सम्भव नही था कि आगे उनके लिए अलग से शिविर लगा कर उन्हें भी इस सुविधा का लाभ दिया जाएगा व उनके मोतियाबिंद का सम्पूर्ण समाधान किया जाएगा । शिविर में 70 से ज्यादा मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया

## ट्रेन से कटकर महिला की मौत

जौनपुर(आरएनएस)। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव के पास औड़िहाार रेल मार्ग पर पैसेंजर ट्रेन की चपेट आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई । जानकारी के अनुसार राजेपुर गांव निवासी 35 वर्षीया गीता देवी पत्नी राजू गौतम अपने सास के साथ जौनपुर कान की दवा लेने के लिए जा रही थी कि औडिहाार की तरफ से आ रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गई । जिससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई । सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । बताया जाता है कि ट्रेन की पटरी से उसके घर से लोग पैदल दवा लेने के लिए जौनपुर जा रही थी उनकी सास कुछ आगे थी जैसे ट्रेन ने हार्न दिया वह हड़बड़ा गई तब तक ट्रेन की चपेट में आ गई मौत हो गई । सूचना मिलते ही परिवार व गांव में षोक व्याप्त हो गया।

## सफाई अभियान जोरों पर

जौनपुर(आरएनएस)। नगर पंचायत जफराबाद क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर नागरिकों को राहत पहुंचाई जा रही है। वार्ड नंबर 3 सफाई अभियान चलाया गया जहां पर नाली खड़जा का साफ सफाई कराया गया दआवों का छिड़काव भी कराया गया । इस प्रकार की बेहतर व्यवस्था के लिए नागरिक नगर पंचायत की सराहना कर रहे है और इससे बीमारियां और मच्छर भी कम होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# विद्यालयों का निरीक्षण, प्रधानाध्यापक का वेतन रोंका

जौनपुर(आरएनएस)। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने औचक निरीक्षण करते हुए शौक्षिक गुणवत्ता और निपुण भारत लक्ष्य के अंर्तगत निपुणता की जांच की। विकासखंड धर्मापुर के प्राथमिक विद्यालय किरतापुर, कंपोजिट विद्यालय संरेमू, प्राथमिक विद्यालय कोतवालपुर, कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौराबादशाहपुर, प्राथमिक विद्यालय गौराबादशाहपुर एवं विकासखंड मुफ्तीगंज के प्राथमिक विद्यालय निशान का औचक निरीक्षण किया गया। प्राथमिक विद्यालय निशान, विकास क्षेत्र मुफ्तीगंज के निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक कामाख्या नारायण राय अनुपस्थित मिले, छात्रों के अभिभावकों से संपर्क करने के पश्चात निरीक्षण के दौरान विद्यालय पर उपस्थित हुए। विद्यालय प्रांगण में जर्जर भवन अवस्थित होने के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक को जर्जर भवन के संबंध में प्रस्ताव एवं भवन में शिक्षण कार्य बंद करने हेतु निर्देशित किया गया। विद्यालय को गत वर्ष प्राप्त रू. 50000 कंपोजिट धनराशि विद्यालय द्वारा व्यय की हुई पायी गयी। विद्यालय कोतवालपुर, विकास क्षेत्र धर्मापुर का औचक निरीक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक राम रक्षा यादव 29 जनवरी से चिकित्सकीय अवकाश पर पाए गये। विद्यालय में कार्यरत शेष सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। विद्यालय में नामांकित कुल 72 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 35 छात्र उपस्थित पाए गए। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार बना हुआ पाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय की छात्र उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि अनुपस्थित छात्रों के विवरण को पंजिका में अद्यतन नहीं किया गया है। जिसके कारण बीएसए द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण निर्गत किया गया। कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय गौराबादशाहपुर, विकास क्षेत्र धर्मापुर का स्थलीय निरीक्षण के दौरान सहायक अध्यापक श्री ओम प्रकाश सिंह आकस्मिक अवकाश पर पाए गए। विद्यालय में कार्यरत से समस्त कर्मचारी उपस्थित पाए गए। विद्यालय में कुल नामांकित 135 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 30 छात्र उपस्थित पाए गए। गत वर्ष विद्यालय को प्राप्त रू 50000 रुपए के सापेक्ष आय व्यय पंजिका प्रधानाध्यापक द्वारा अवलोकित नहीं कराई जा सकी। छात्रों उपस्थित पंजिका के अवलोकन में बीएसए द्वारा पाया गया कि अनुपस्थित छात्रों के विवरण को विद्यालय द्वारा रिक्त छोड़ा गया है। मध्यान्ह भोजन पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि पंजिका में लाभार्थी छात्रों का विवरण अंकित नहीं किया गया है। विद्यालय प्रांगण साफ सुथरा नहीं पाया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक का अग्रिम आदेश तक वेतन अवरुद्ध करते हुए कारण बताओं नोटिस निर्गत की गई।

## नहीं रहे भाजपा नेता दिनेश सिंह बब्बू

जौनपुर(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के नेता व पूर्व सांसद स्व0 राजकेशर सिंह के बड़े पुत्र दिनेश सिंह बब्बू का मंगलवार को लखनऊ स्थित मेदान्ता अस्पताल में निधन हो गया है। हृदयाघात के कारण उनका उपचार चल रहा था। उनकें पार्थिव षरीर के यहों पहुंचने पर लोगो ने उन्हे श्रद्धाजलि दिया और उनके आवास पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उनके निधन की खबर जौनपुर पहुंचते ही भाजपा सहित शुभ चिन्तको में शोक छा गया है। खबर पाने के बाद राजनैतिक से लेकर पार्टी जन और शुभ चिन्तक उनके आवास स्थित राज कालोनी पहुंच कर शोक प्रकट किया।

## असहायों के लिए मददगार साबित सेवा संस्थान

जौनपुर(आरएनएस)। केराकत क्षेत्र के छितौना गाँव के तिराहे पर मंगलवार की दोपहर जनपद का पहला जीवन जागृति सेवा संस्थान केंद्र का क्राईम इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह यादव ने फीता काटकर शुभारंभ करते हुए कहा कि संस्थान के खुलने से क्षेत्र को लोगों के बेहतर उपचार में खासकर गरीब व असहायों के लिए मददगार साबित होगा। केंद्र प्रभारी फौजी सुबास यादव ने बताया कि जीवन जागृति सेवा संस्थान का मुख्य उद्देश्य पूरे देश की गरीब जनता को आयुर्वेद के माध्यम से उन तक आयुर्वेद की दवाओं से उनको रोग मुक्त करना है। क्योंकि अंग्रेजी दवा करने में गरीब व असहाय लोगों को आर्थिक समस्याओं से सामना करना पड़ता है हमारी यह संस्थान गरीब व असहाय लोगों को फ्री में आयुर्वेद के माध्यम से उनको रोक मुक्त करने का बीड़ा उठाया है, जिसको देखते हुए जनपद में पहला जीवन जागृति संस्थान केंद्र का शुभारंभ किया गया है। सब इंस्पेक्टर सच्चिदानंद,लहरी बाबा ,सोनू यादव,रूपेश बाबा,संजय सरोज, विशाल मौर्य,राजकुमार मौर्य,राजपाल यादव, सुमंत मोर्य,रितेश यादव, अजीत यादव के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# शोध में चल रहा आधुनिक तकनीक का प्रयोग– पायल चंदेल

जौनपुर(आरएनएस)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन के संगोष्ठी हाल में दो सप्ताह का कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के दूसरे दिन केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के मनोविज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. पायल चंदेल ने कहा कि रिसर्च शनैः शनैः और शांति से किया जाने वाला कार्य है। शोध में आधुनिक तकनीक का प्रयोग तेजी से चल रहा है। इस क्षेत्र में बदलाव बहुत जल्दी– जल्दी हो रहे हैं, इसलिए अपने आप को अपडेट करने की जरूरत है। प्रो. पायल ने बेरोजगारी पर बोलते हुए कहा कि आज कोई बेरोजगार नहीं है। बेरोजगारी का मतलब सिर्फ नौकरी ही नहीं जो आप चाहते हो। आज दूसरी भी जॉब कर



सकते हो। आप अपना स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हो। उन्होंने शोध की समस्या, प्राविधि और रिसर्च प्रश्नावली पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। साथ ही उसके आयामों को उदाहरण सहित समझाया। कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत, सह समन्वयक डॉक्टर मनोज पांडेय ने कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम की रुपरेखा पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला। दूसरे सत्र को प्रबंध संकाय के डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने संबोधित किया। संचालन डॉ. अनु त्यागी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने किया। प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. वीडी शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ0 सुनील कुमार, डॉ0 सुधीर उपाध्याय, अनुपम कुमार समेत कई शिक्षक और प्रतिभागी उपस्थित थे।

## पाँच प्री–ट्रायल बैठके आयोजित होगी

जौनपुर(आरएनएस)। पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने अवगत कराया है कि जिला सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 9 मार्च (शनिवार) को इस वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जानी है, जिसमे मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धी याचिकाओं का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाना है। लोक अदालत में अधिकतम वादों का निस्तारण किया जा सके, यह सुनिश्चित करने के लिये तथा सुलह–समझौते के वादो को चिन्हित करने के लिये विभिन्न कम्पनियों के मण्डलीय स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति में पाँच प्री–ट्रायल बैठके आयोजित की जानी है

जो 07 फरवरी प्रथम– न्यू इं०ए०कं०, आइ.सी.आई.सी.आई.,एच.डी.एफ.सी., 14 फरवरी 2024 (बुधवार) द्वितीय–ओरियन्अल. इं.क., इफको, टोकियो.ज.इ.कं०, एस.बी.आई.ज०ई०कं०, 21 फरवरी 2024 (बुधवार) तृतीय–यूनाईटेड, इं०इं०कं०, टाटा.ए.आई.जी.ज०इं०कं० एवं उ०प्र० राज्य सड़क परिवहन निगम, 28 फरवरी 2024 (बुधवार) चतुर्थ – नेशनल इं०कं०, श्रीराम, ज०इं०कं० चोला एम.एस.ज०ई०कं०, 02 मार्च 2024 (शनिवार) पंचम– न्यू इं०ए०कं०, आई.सी.आई.सी.आई., एच.डी.एफ.सी. 06 मार्च 2024 को कृत कार्यवाही एवं चिन्हित मुकदमों में की गयी तैयारी को मूर्त रूप देने के लिये समीक्षा बैठक होगी। ट्रायल बैठकों में सुलह–समझौता हेतु चिन्हित किये गये वादों का निस्तारण 09 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से किया जायेगा।

## विकास खण्डवार लगेगा रोजगार मेला

जौनपुर(आरएनएस)। जिले के सभी विकास खण्डों मे विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है, जिसमें 50 से अधिक राष्ट्रीय स्तर की कंपनियो द्वारा लगभग 5000 हजार से अधिक पदो पर रोजगार सृजन के अवसर उपलब्ध कराए जायेंगे। अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद मे 08 फरवरी से 04 मार्च तक समस्त विकास खण्ड परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। कौशल विकास मिशन जिला समन्वयक मनीष कुमार पाल ने बताया कि उक्त रोजगार मेले मे जिले के 18 से 35 वर्ष के युवा बेरोजगार अपना आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति व बायोडाटा के साथ साक्षात्कर मे सम्मिलित हो कर रोजगार प्राप्त कर सकते है। यह रोजगार मेला पूर्णतया निःशुल्क है। विकास खण्ड करंजाकला में 08 फरवरी को, धर्मापुर में 09 फरवरी , मुफ्तीगंज में 10 फरवरी , सिरकोनी में 11 फरवरी, सिकरारा में 12 फरवरी

# फिर एक बदमाश के पैर में लगी गोली

जौनपुर(आरएनएस)। जनपद की पुलिस ने बीती रात फिर एक बदमाश के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया। बदमाशों से मुठभेड़ का दावा करते हुए गौराबादशाहपुर व थाना केराकत की संयुक्त पुलिस टीम मुठभेड़ के साथ दो बदमाष गिरफ्तार किये। मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल बदमाश के कब्जे से मोटरसाइकिल, देशी तमंचा, खोखा कारतुस 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर, चन्दन कुमार राय द्वारा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र मे भ्रमण कर रहे थे कि मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश आजमगढ़ से जौनपुर के तरफ आ रहे है। जो कोई संगीन वारदात करने वाले है। इस सूचना पर विश्वास करके थाना केराकत पुलिस को सूचना दिया गया कि थोडी देर में रामजनम यादव प्र0नि0 केराकत मय पुलिस टीम के साथ केशवपुर रेलवे क्रासिंग के पास मिले तथा पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रुप से चेकिंग करने लगे। थोड़ी देर बाद कुछ वाहनों की बीच से एक बाइक पर 02 व्यक्ति हाइवे वाले रोड से आते दिखाई दिये जिसे पुलिस टीम द्वारा टार्च की रोशनी से रोकने का इशारा किया गया पुलिस टीम को अचानक सामने देखकर बदमाश तेजी से मोड़कर पुनः नेशनल हाइवे से आजमगढ़ की तरफ भागने लगे जिसे पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया कि चौकी धरसंड मोड पर मोटरसाइकिल नेशनल हाइवे से बायें तरफ चौकी धरसंड गांव के रास्ते पर मुड़ गये तथा बदमाशों ने जान मारने की नियत से पुलिस पार्टी को लक्ष्य करके फायर किये गोली थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर के उपर से निकल गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायर किया जिसमें एक बदमाश के दाहिने पैर में लगी। घायल व्यक्ति से नाम पुछा गया तो अपना नाम अयान अली उर्फ गठरा उर्फ अप्पा पुत्र अफसर अली निवासी वार्ड नं0 32 ईदगाह ग्वालटोली होसंगाबाद थाना कोतवाली जनपद होसंगाबाद म0प्र0 बताया गया। कुछ दुर पर यूपी 62 ।त् 1075 हीरो भ्थ् डिलक्स काले रंग की मोटरसाइकिल मिला। पुलिस द्वारा काम्बिग के बाद दुसरे अभियुक्त को थोड़ी दूर से भागते हुए घेर कर पकड़ लिए जिसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम सफीर हुसैन पुत्र इमरान हुसैन निवासी अचला देवी घाट सिपाह ईरानी मुहल्ला थाना कोतवाली जौनपुर बताया। घायल अभियुक्त अप्पा हुसैन उपरोक्त को दवा इलाज एवं डाक्टरी हेतु सीएचसी चोरसण्ड गौराबादशाहपुर भेजा गया।

## रेल आंदोलन के लिए जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

जौनपुर(आरएनएस)। समाजसेवी जज सिंह अन्ना ने प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जिसमें 15फरवरी को मुंगरा बादशाहपुर रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन रेल –आंदोलन की बात कही गयी है। अन्ना ने मांग किया है कि मुंगरा बादशाहपुर का बहुचर्चित रेल फाटक जाम हल करने के लिए इटहरा –कोदहू बाईपास, उस पर रेल ओवर ब्रिज चुनाव के पहले बनाया जाए । यह क्रिया तत्काल किसानों का संवैधानिक उचित मुआवजा देकर जमीन अधिग्रहित करके शुरू किया जाए।

कहा कि मुंगरा बादशाहपुर की बाईपास बनाने के लिए आज तक किसी भी जिलाधिकारी ने इस पर अच्छी पहल व रुचि नहीं लिया इसलिए यह मामला लंबित रहा जिला अधिकारी ने अन्ना की बात को ध्यान से सुनते हुए अधिकारियों को लिखा । अन्ना ने मुंगरा बादशाहपुर में नीलांचल एक्सप्रेस और अर्चना एक्सप्रेस के ठहराव की मांग भी किया,क्योंकि मुंगरा बादशाहपुर में इंडस्ट्रियल एरिया और 20 किलोमीटर का बड़ा क्षेत्र है । जज सिंह अन्ना ने 5 फरवरी को मुख्यमंत्री जन सभागार में और डीआरएम लखनऊ को इटहरा कोदहू बाईपास रेल ओवरब्रिज और धरना प्रदर्शन का ज्ञापन सौपा था । जिसमें मुख्यमंत्री जनसभा कर में ज्ञापन ले रहे मंत्री ने शीघ्र ही बाईपास बनवाने की बात कहा ।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।